## एक नजर में

### महिला और मासूमों से दरिंदगी, पड़ोसी ही निकले दरिंदे

**खंडवा ।** जिले में पिछले 48 घंटों के भीतर महिला और बच्चों की सुरक्षा को तार-तार करने वाली तीन अलग-अलग घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। इन तीनों ही मामलों में सबसे डरावना पहलू यह रहा कि जिन पड़ोसियों पर भरोसा किया गया, वही रक्षक का चोला ओढ़कर दरिंदे निकले। मूंदी थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण इलाके में 26 मार्च को कृषि कार्य कर रही 35 वर्षीय महिला को अकेला पाकर गांव के ही सुरेंद्र पिता दगडूसिंह ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मानवता को शर्मसार करने वाली दूसरी घटना भी इसी क्षेत्र में हुई, जहाँ 25 मार्च को घर के बाहर खेल रही 12 वर्षीय बालिका के साथ पड़ोसी अशोक पिता रघुनाथसिंह ने अश्लील हरकतें कर उसे अपनी हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया।

वहीं, तीसरी घटना धनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बावडिया से सामने आई, जहाँ 26 मार्च को रामपाल पिता शिवराम भील नामक व्यक्ति ने महज 7 साल की अबोध बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया और उसके साथ अश्लील कृत्य किया। इन तीनों ही जघन्य मामलों में पीड़ित परिवारों ने साहस दिखाते हुए पुलिस की शरण ली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### शराब दुकान के सेल्समैन ने की लाखों की धोखाधड़ी

**खंडवा ।** पुनासा क्षेत्र की शासकीय मदिरा दुकानों में वित्तीय अनियमितता और गबन का मामला सामने आया है। यहाँ कार्यरत एक सेल्समैन ने ग्राहकों से प्राप्त ऑनलाइन भुगतान में सुनियोजित तरीके से हेराफेरी कर ठेकेदार को करीब 3.29 लाख रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

आरोपी सेल्समैन दीपक जायसवाल निवासी जिला बक्सर (बिहार), पुनासा, खुटला कला और मोहना स्थित शराब दुकानों पर कार्यरत था। जाँच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 के बीच शराब की बिक्री के दौरान डिजिटल पेमेंट में हेराफेरी की। वह ग्राहकों से प्राप्त ऑनलाइन राशि को रजिस्टर में पूरा दर्ज नहीं करता था। उदाहरण के लिए, यदि एक दिन में 10 हजार रुपए ऑनलाइन प्राप्त होते थे, तो वह रिकॉर्ड में केवल 9 हजार रुपए ही दर्शाता था और शेष राशि खुद रख लेता था।

**ऑडिट में खुला राज :**इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब इंदौर निवासी शराब ठेकेदार लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने कैश रजिस्टर और बैंक अकाउंट का मिलान (ऑडिट) करवाया। बैंक स्टेटमेंट और दुकान के रिकॉर्ड में भारी अंतर पाए जाने पर जब गहराई से जाँच की गई गबन की पुष्टि हुई। दुकान के मैनेजर चिन्टू वर्मा की शिकायत पर पुनासा चौकी पुलिस ने दीपक जायसवाल के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ओंकारेश्वर की तीन प्रमुख स्कूलों का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**ओंकारेश्वर ।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कक्षा 5वीं और 8वीं के बोर्ड परिणामों में तीर्थ क्षेत्र ओंकारेश्वर के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों— समविद गुरुकुलम, सरस्वती शिशु मंदिर और फ्यूचर किड्स स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

समविद गुरुकुलम (कोठी): इंग्लिश मीडियम की दिव्यांशी पटेरिया ने 91.75% अंकों के साथ कक्षा 5वीं में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रशिका पंडित (88%) और संस्कृति केवट (87%) शीर्ष पर रहीं। कक्षा 8वीं में निखिल हिरवे ने 91.33% के साथ टॉप किया, वहीं मनीषा शर्मा (89.66%) और नंदनी गोलकर (89.16%) ने उत्कृष्ट अंक अर्जित किए।

फ्यूचर किड्स स्कूल: यहाँ की छात्रा मनाली महाजन और वंशिका त्रिवेदी ने 90% अंक प्राप्त कर ';+' ग्रेड हासिल किया और विद्यालय का मान बढ़ाया।

सरस्वती शिशु मंदिर: कक्षा 8वीं में परी वर्मा ने 85% और पलक चौहान ने 84% अंक प्राप्त किए। कक्षा 5वीं में प्रेम वर्मा ने 80% और सोनाली चौहान ने 79% अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया।

विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। विद्यालय प्रबंधन ने होनहारों की एकाग्रता और कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामना की।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक परिणाम घोषित, अव्वल विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



**खण्डवा ।** विद्या भारती मालवा प्रान्त की योजनानुसार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्याणगंज में शनिवार को शिशु वर्ग से लेकर प्राथमिक कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गरिमामयी अंकसूची वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा गया।

**अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह :**समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र अग्रवाल, व्यवस्थापक श्री रविन्द्र बंसल, कोषाध्यक्ष श्री ओम दशोरे एवं श्री मनीष खमेले विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को मंच पर सम्मानित कर उन्हें अंकसूचियां प्रदान कीं। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अगली कक्षा में और अधिक लगन से अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया।

**भावी योजनाओं पर चर्चा :**संस्था प्राचार्या शोभा तोमर ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए आगामी सत्र की शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यालयीन विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिलीप सपकाले, राधेश्याम चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम जानने के बाद सफल विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।

## स्विजल का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान की विशेष टीम में

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर की प्रतिभावान छात्रा स्विज़ल जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेधा का परचम लहराया। पोरवाड़ जैन समाज की इस होनहार छात्रा का चयन केरल के राज्यपाल के आधिकारिक निवास, लोक भवन में आयोजित एक विशेष टॉक शो के लिए हुआ है।

वर्तमान में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुवनंतपुरम में एप्लाइड इंडस्ट्री मैथमेटिक्स, डेटा साइंस, एआई और फिजिक्स की प्रथम वर्ष की छात्रा स्विज़ल को संस्थान के शीर्ष 20 मेधावी विद्यार्थियों में चुना गया है। 28 मार्च 2026 को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (इसरो) अंतरिक्ष में



स्विजल जैन

भारत, शक्ति में विकसित भारत के लिए युवाओं का रोडमैप' विषय पर संवाद करेंगे।

यह पहला अवसर नहीं है जब स्विज़ल जैन ने विज्ञान जगत को प्रभावित किया है। इससे पूर्व 28 अक्टूबर 2025 को उन्होंने भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के साथ भी अंतरिक्ष अनुभव और विज्ञान पर विशेष वार्ता की थी।



मां श्वेता सुहानी जैन

उनकी विशिष्ट वैज्ञानिक सोच पर कई विशेष लेख भी प्रकाशित हो चुके हैं।

**शैक्षिक उत्कृष्टता और पारिवारिक पृष्ठभूमि :**खंडवा के प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाली स्विज़ल, स्व. मोती भाई जी की प्रपौत्री और स्व. जवाहरलाल जी जैन और श्रीमती माया जैन की पौत्री हैं। उन्होंने मात्र 18 वर्ष की आयु में IIT, IAT, ISI, BITS और VIT जैसी कठिन परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर अपनी कुशाग्रता सिद्ध की। वर्तमान में वह दो प्रतिष्ठित संस्थानों से दोहरी डिग्री प्राप्त करने हेतु अध्ययनरत हैं।

पिता परिमल जैन एक सफल व्यवसायी हैं, जबकि माता श्वेता सुहानी जैन प्रसिद्ध शिक्षाविद और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की पूर्व सदस्य हैं।

महावीर जयंती पर पोरवाड़ जैन प्रोफेशनल्स, पोरवाड़ सहायक फंड और पोरवाड़ बिजनेस हब ने स्विज़ल की इस सफलता को पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया है। डेविड जैन (इंदौर) और शशि जैन (बेंगलुरु) सहित समस्त समाज ने उनके उज्ज्वल भविष्य और भविष्य में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने की मंगलकामना की है।

## ढोंगी बाबा ने श्मशान में पूजा के नाम ठगे 2 .30 लाख




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के जावर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहाँ एक ढोंगी बाबा और उसके सहयोगी ने मिलकर एक पीड़ित दंपती की मानसिक स्थिति का फायदा उठाते हुए उनसे लाखों रुपए हड़प लिए। घटना की शुरुआत तब हुई जब 35 वर्षीय पीड़िता और उसके पति जनवरी में अपने नवजात बच्चे की मृत्यु के कारण पारिवारिक परेशानियों से गुजर रहे थे। इसी का फायदा उठाते हुए कोठरा निवासी पंकज नाथ ने परिवार पर किसी भारी प्रेत बाधा का साया बता कर निवारण बैतूल के एक विशेष बाबा द्वारा तांत्रिक अनुष्ठान से ही संभव होना बताया।

आरोपियों ने डर का ऐसा जाल बुना कि 31 जनवरी की रात वे पीड़ित पति को हंडिया (हरदा) स्थित नर्मदा किनारे एक श्मशान ले गए। वहां आधी रात को डरावनी तांत्रिक क्रियाएं की गईं और शुद्धि के नाम पर एक हंडी में 35 हजार रुपए रखवाकर उसे गायब कर दिया गया। ठगी का सिलसिला यहीं नहीं रुका; इसके बाद आरोपी दंपती के घर पहुंचे और महिला व उसकी ननंद को भभूत मिश्रित पानी में नशीला पदार्थ पिला दिया। जब महिलाएं अचेत हो गईं, तो आरोपियों ने घर में रखे 1 लाख रुपए यह कहकर अपने साथ ले लिए कि इन्हें शुद्ध करके वापस लौटा दिया जाएगा। बाद में आरोपियों ने परिवार को जान का और अनहोनी का डर दिखाकर अलग-अलग किस्तों में 95 हजार रुपए ऑनलाइन भी ट्रांसफर करवा लिए।

कुल 2.30 लाख रुपए की बड़ी रकम ऐंठने के बाद जब आरोपी गायब हो गए और पैसे वापस नहीं लौटाए, तब दंपती को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। जावर थाना प्रभारी श्याम सिंह भादले के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर पंकज नाथ और बैतूल के कथित बाबा के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही है।

## ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी कार, इंदौर के 5 लोग घायल



**खंडवा ।** जिले के पंधाना-कालंका रोड पर शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में इंदौर निवासी 5 लोग घायल हो गए। हादसा ग्राम बड़ौदा अहीर के पास उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेतों में जा पलटी। दोपहर करीब 2:30 बजे हुई इस घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पलटी हुई कार को सीधा कर उसमें फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की मदद से सभी घायलों को पहले पंधाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ से 3 गंभीर घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पंधाना पुलिस के अनुसार, कार सवार सभी लोग इंदौर के निवासी हैं और शिवा बाबा की ओर जा रहे थे। घायलों में विष्णु नामक व्यक्ति की स्थिति अधिक गंभीर बताई जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि कार सवार कुछ लोग प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया है और आगे की जांच जारी है।

## जसवाड़ी और टीगरिया को मिले वाटर टैंकर

**खंडवा ।** रामनवमी के पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाने हेतु ग्राम पंचायत जसवाड़ी और टीगरिया को वाटर टैंकर प्रदान किए गए। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने उपस्थित सरपंचों और ग्रामीणों का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

वरिष्ठ जनप्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक तनवे ने ग्राम पंचायत टीगरिया के लिए सरपंच रोहित केथवास और ग्राम पंचायत जसवाड़ी के लिए सरपंच प्रतिनिधि पिंटू दरबार को टैंकरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर विधायक ने



कहा कि ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में जल व्यवस्था सुचारू बनी रहे, इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और क्षेत्र की जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। इस गरिमामयी वितरण समारोह में तुलसीराम पटेल, राजकुमार केथवास और सुनील प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को मिली नि :शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी

**खण्डवा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत गांधवा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम जनमानस को विधिक सेवा प्राधिकरण की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ दिलाना था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के साथ-साथ महिला एवं बाल अधिकार, घरेलू हिंसा से बचाव, वरिष्ठ नागरिकों के विधिक




अधिकार और श्रमिक कानूनों जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक कानूनी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पियुष भावे उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का मूल संकल्प समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग को सुलभ, सरल और पूरी तरह नि:शुल्क न्याय उपलब्ध कराना है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, महिला थाना प्रभारी सुलोचना गहलोत, अधिवक्ता सुजान सिंह राठौड, ग्राम पंचायत सरपंच कालूराम दांगोंडे, सरपंच प्रतिनिधि महेश जगदाले एवं मुकेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही पैरा लीगल वॉलिंटियर्स सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज वर्मा, संदीप ढाकचे, आशीष मालवीय और केदार गोलकर ने भी सक्रिय भूमिका रही।

## वार्षिक सम्मेलन में मंत्री शाह ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरसूद का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को प्रदेश के जनजाति कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जयेश वैष्णव ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा एवं एसडीएम हरसूद आरसी खेतड़िया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने एकल गायन की विजेता नेहा साध को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति पर 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही, सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करने वाली 9 छात्राओं को 5-5 हजार रुपये और उनकी प्रशिक्षक प्रो. पार्वती अहिरवार को भी 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक एवं खेलकूद गतिविधियों में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।





### युवा शक्ति राष्ट्र की असली पूंजी : डॉ . कुंवर विजय शाह

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली पूँजी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय के विस्तार और छात्र सुविधाओं के लिए शासन स्तर पर हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हरसूद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सभी विभागों के माध्यम से विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जयेश वैष्णव ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



## महावीर जयंती के पूर्व मंदिरों में भक्तिमय माहौल

**खंडवा ।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में खंडवा नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल है। 30 मार्च को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व विभिन्न जैन मंदिरों और धर्मशालाओं में प्रतिदिन भजन संध्या, पालना जी झुलाना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं।

**पंचकल्याणक महोत्सव हेतु इंद्रों का चयन :**समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर का तीसरा कल्याणक महोत्सव 11 से 16 अप्रैल तक आयोजित होगा। इसी कड़ी में संत निवास परिसर में 'माँ त्रिशला मंडल' द्वारा भव्य भजन संध्या और 'विनती का बुलावा' कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान आगामी महोत्सव हेतु इंद्रों का चयन किया गया, जिसमें मेधा-आदित्य (स्वर्ण सौभाग्यवती कलश), मीना-दिलीप पहाड़िया (ईसान इंद्र), जया-अविनाश बडजात्या (सनद कुमार इंद्र) और रीना-ऋषभ गंगवाल (महेंद्र इंद्र) को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**पोरवाड़ परिवार और मातृ शक्ति की प्रस्तुतियां :** कार्यक्रम में पोरवाड़ परिवार और माँ त्रिशला मंडल की महिलाओं व बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य और मंगलाचरण प्रस्तुत किया। नन्हे बालक 'वर्धमान' के रूप में आकर्षण का केंद्र रहे। शुभ मोती परिसर में आयोजित संगीतमय भक्ति संध्या में सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमकर अपनी आस्था प्रकट की।

## अभियान के तहत अब तक 11,438 किशोरियों को लगे टीके

**खंडवा।** जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब तक जिले की कुल 11,438 किशोरियों को सुरक्षित टीका लगाया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शनिवार को विशेष अभियान के तहत 1,302 किशोरियों का टीकाकरण किया गया। जिले में यह सुविधा जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ शहरी संजीवनी क्लिनिकों पर भी उपलब्ध कराई जा रही है। डॉ. जुगतावत के अनुसार, टीकाकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए 'यूविन' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के जोखिम से बचाने के लिए नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर ले जाकर टीका अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन भविष्य में कैंसर की संभावनाओं की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है।

## 12 घंटे में इंदौर से मिला लापता नाबालिग

**खंडवा ।** पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई करते हुए एक लापता नाबालिग बालक को महज 12 घंटे के भीतर इंदौर के पास से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत चौकी बोरगांव पुलिस ने यह सराहनीय सफलता प्राप्त की है। मामले के अनुसार, 27 मार्च को बोरगांव चौकी में नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर और थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी अविनाश भोपले की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर बालक की लोकेशन ट्रैक की।